दिन– शुक्रवार दिनांक– 26 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना का शुभारंभ किया। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये भेजे गए।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बेतिया में चंपारण और सारण के वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी समीक्षा बैठक की। श्री शाह कल समस्तीपुर और अररिया में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

03. कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने कहा – महागठबंधन की सरकार बनने पर आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं को हर महीने ढ़ाई हजार रुपये दिये जायेंगे। पच्चीस लाख रुपये का मुफ्त इलाज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

04. और, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा – विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन के दौरान हुए समझौतों के तहत बिहार में चार हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने बिहार की पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये हस्तांतरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और बिहार की नीतीश सरकार के सहयोग से शुरू की गई महिला–केंद्रित योजनाओं और कार्यक्रमों से समाज के हर वर्ग को लाभ हुआ है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

–––बाइट–––

बिहार की बहनों–बेटियों के लिए कितना बड़ा यह कदम सरकार ने उठाया। जब कोई बहन या बेटी स्वरोजगार करती है तो उसके सपनों को नए पंख लग जाते हैं। समाज में उसका सम्मान और बढ़ जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार की लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अब तक दो करोड़ से अधिक बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद की सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर था। महिलाएं पिछड़ी अवस्था में थीं। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए लगातार काम किया है।

———बाइट———

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस योजना के लिए चयनित सभी महिलाओं को निर्धारित समय पर सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये की राशि पहुंचने पर महिला लाभार्थियों ने खुशी जताई है। महिलाओं ने कहा कि इससे उन्हें अपना रोजगार शुरू करने में मदद मिलेगी।

———वॉक्सपॉप———

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना महिलाओं को अपने भविष्य के लिए व्यवसाय स्थापित करने और उद्यमी बनाने में सक्षम बनाएगी। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री पासवान ने कहा कि यह पहल बिहार की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगी।

---

भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को स्वरोज़गार में मदद मिलेगी। श्री जायसवाल ने आज पटना में कहा कि विपक्ष अफवाहें फैला कर महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन महिलाओं को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को राजद द्वारा घोषित माई बहिन मान योजना की नकल करार दिया है। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार विधानसभा चुनाव को देखते हुए महिलाओं को पैसा दे रही है।

———बाइट———

---

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज पटना में महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर सभी वर्ग की महिलाओं के विकास के लिए कार्य किये जायेंगे।

———बाइट———

कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मोतिहारी के गांधी मैदान में हर घर अधिकार यात्रा को भी संबोधित किया।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। श्री शाह ने बेतिया में चंपारण और सारण के तीन सौ से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव को लेकर बैठक की। इस बैठक में गोपालगंज, सीवान, सारण, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद, विधायक और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। श्री शाह इस समय पटना के भाजपा मुख्यालय में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बैठक में भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हैं। श्री शाह कल समस्तीपुर में मिथिलांचल के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक करेंगे। इसके बाद अररिया में सीमांचल के नेताओं के साथ बैठक होगी।

---

भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। बिहार का चुनाव प्रभारी बनने के बाद पहली बार

पटना पहुंचे श्री प्रधान ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार लोगों के विकास के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

---बाइट---

---

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन के दौरान एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। श्री पासवान ने कहा कि इस समझौते के तहत बिहार में चार हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

---बाइट---

---

राजद के पूर्व नेता तेज प्रताप यादव ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। श्री यादव ने आज सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नई पार्टी का नाम जनशक्ति जनता दल होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड रखा गया है। श्री यादव ने पार्टी का एक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें लालू यादव और राबड़ी देवी की तस्वीर नहीं है।

---

राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सरकारी सेवकों की सेवाकाल में असामयिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। इस उद्देश्य से नया ऑनलाइन पोर्टल अनुकंपा डैश नियुक्ति डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मृतक सरकारी सेवक के योग्य आश्रित सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

---

बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पीटी परीक्षा के आधार निन्यानवे हजार छह सौ नब्बे अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि शारीरिक परीक्षा की तारीख की जानकारी पर्षद की बेवसाइट पर जल्द ही जारी की जाएगी।

---

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज भी माँ दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्माण्डा की पूजा अर्चना की जा रही है।

–––म्यूजिक–––

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पांचवे दिन देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि देवी अपने सभी भक्तों को सुख, समृद्धि और सौभाग्य प्रदान करें।

–––म्यूजिक–––

---

?और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना का शुभारंभ किया। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये भेजे गए।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बेतिया में चंपारण और सारण के वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी समीक्षा बैठक की। श्री शाह कल समस्तीपुर और अररिया में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

03. कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने कहा – महागठबंधन की सरकार बनने पर आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं को हर महीने ढ़ाई हजार रुपये दिये जायेंगे। पच्चीस लाख रुपये का मुफ्त इलाज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

04. और, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा – विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन के दौरान हुए समझौतों के तहत बिहार में चार हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।